अनियमितताएं

गोकुल गौशाला नरीला में अनियमितताएं चरम पर, महिला स्व-सहायता समूह को हटाने का प्रस्ताव, फिर भी कार्रवाई अधर में, ग्रामीणों में बढ़ता जा रहा आक्रोश

# गौवंश की हो रहीं लगातार मौतें, सिस्टम खामोश





**मझौली, नवभारत।** ग्राम पंचायत हटोली अंतर्गत संचालित गोकुल गौशाला नरीला में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और गौवंश की मौतों के बीच अब प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार महिला स्व सहायता समूह के मैनेजर प्रकाश पांडेय द्वारा स्वयं ही समूह को हटाने का प्रस्ताव जनपद पंचायत मझौली के सीईओ को सौंपा गया है। हालांकि, इस प्रस्ताव के बावजूद अब तक न तो समूह को हटाया गया है और न ही किसी नए समूह या समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्थानीय स्तर पर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं कि गौशाला में चारा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। बीमार पशुओं के उपचार में लापरवाही, प्रबंधन में अव्यवस्था और अनियमितताएं हो रहीं हैं जिस कारणों से गौवंश की मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा और इसी लापरवाही से स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### कुछ इस तरह उठने लगे सवाल...

ब्लॉक ऑफिसर के द्वारा समूह को हटाने का प्रस्ताव दिया गया प्रस्ताव जनपद पंचायत स्तर पर लंबित पड़ा है लेकिन अभी तक नई व्यवस्था लागू नहीं की गई है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। ग्रामीणों ने ये भी सवाल उठाए हैं कि क्या ये गंभीर मामला फाइलों में दबकर रह जाएगा? हैरानी की बात ये है कि जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है। ग्रामीणो ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है।



## सुकरी में गेंहू खरीदी पर किसानों के चेहरे खिले

**नवभारत,जबलपुर।** सोमवार को सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुकरी अंतर्गत अवस्थी वेयरहाउस कालादेही में गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया। खरीदी शासन के निर्देशानुसार मापदंड में की जाएगी। अब स्थानीय किसान स्लॉट बुकिंग के बाद अपनी गेंहू उपार्जन केन्द्र विक्रय के लिए आ सकेगा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुकरी में गेंहू खरीदी केंद्र की शुरूआत होते ही स्थानीय किसानों के चेहरे में खुशी नजर आई।

इस दौरान वेयरहाउस के संचालक विवेक अवस्थी, पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह पटेल सुकरी,राजा भैया साहू,तिन्सी,ग्राम सुकरी सरपंच बृजेश पटेल, मंडल अध्यक्ष ब्रजकिशोर विश्वकर्मा ,वनोपज प्रतिनिधि बबलू सिंह राजपूत मंगेला, गेंदालाल डेहरिया, देवी सिंह पटेल ,गोविंद पटेल ,बलराम चौकसे ,खुशीराम चौकसे ,भजनलाल पटेल ,नितेश जैसवाल ,प्रभु साहू ,नेतराम , मनोज साहू ,दीपक ठाकुर, थान सिंह ठाकुर, फूलचंद पटेल ,संतु जायसवाल, मिथिलेश जायसवाल, ,कपिल चौकसे,अभिषेक राजपूत और क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति मे पूजन कर गेहूं की खरीदी प्रांरभ की गई। वहीं सहकारी समिति के खरीदी केन्द्र प्रभारी पुरुषोत्तम डेहरिया ,आपरेटर सतेन्द्र पटेल, एंव समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

## बांदा भेजे गए तीन बच्चे

▶ बाकी दो दिनों में बिहार के लिए होंगे रवाना

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल के कटनी स्टेशन पर गत 15 अप्रैल को बिहार के अररिया से लातूर व नांदेड़ सहित अन्य मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को मानव तस्करी मामले में उतारकर कटनी और जबलपुर के बाल सुरक्षा गृह में रखा गया है। अब इनमें से 3 बच्चों को उत्तर प्रदेश के बांदा भेजा गया है। वही बाकी बचे 160 बच्चों को जल्द ही वापस बिहार भेजा जाएगा। ये जानकारी थाना प्रभारी जीआरपी कटनी ने नवभारत से साझा की। चर्चा यह भी है कि बिहार के अररिया प्रशासन से 15 बच्चों की सामाजिक जांच रिपोर्ट आना बाकी है। इसके बाद एक-दो दिन में बाकी बचे बच्चों को बिहार जाने वाली ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाकर वापस भेजा जाएगा।

### बाल कल्याण समिति को सौंपे जायेंगे बच्चे

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बाल कल्याण समिति और कटनी जबलपुर जीआरपी की निगरानी में ये बच्चे बिहार रवाना किए जाएंगे और इन्हें अररिया की बाल कल्याण समिति को सौंपा जाएगा। बाल कल्याण समिति ने रेलवे के अधिकारियों को बोगियां उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार भी किया था। कटनी जीआरपी ने 12 अप्रैल की रात को पटना-पुणे एक्सप्रेस से मुस्लिम बच्चों को रोका था। इन बच्चों की उम्र सात से 15 वर्ष के बीच थी। वही इनको ले जाने वाले आठ शिक्षकों पर मानव तस्करी का मामला दर्ज हुआ था। जिसको लेकर इनसे कई बार पूछताछ भी हुई है। जिसमें वे महाराष्ट्र और कर्नाटक के मदरसों में धार्मिक शिक्षा दिलाने की बात दोहराते रहे। बता दे कि महाराष्ट्र के नांदेड़ और लातूर गई दो पुलिस टीमें भी वापस आ चुकी हैं। टीमों ने मदरसों में जानकारी जुटाने के साथ दस्तावेज देखे हैं, जिसमें कोई नया सुराग सामने नहीं आया है।








# 11 सौ कलशधारी महिलाओं ने लगाए यज्ञ शाला के फेरे

▶ इंद्राना की पावन भूमि पर 7 दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरूआत,कलश शोभायात्रा रही आकर्षण का केंद्र

**नवभारत, इंद्राना।** जबलपुर से 30 किलोमीटर दूर मझौली के पहले इंद्राना (कापा) में विशाल मैदान पर श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का विशाल कलश शोभायात्रा से सात दिवसीय धार्मिक आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। आयोजन में इंद्राना, कापा सहित आस पास के अनेकों गांव के ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। गुरूदेव लोढ़ा पहाड़ महाराज के सानिध्य में स्थानीय और आस पास के क्षेत्र के पीले वस्त्रों में सिर पर कलश धारण कर ग्यारह सौ महिलाओं के साथ विशाल यज्ञ शाला के तीन परिक्रमा लगाकर धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए।

जानकारी के अनुसार श्री श्री बाल संत सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ महाराज सिहोरा के मार्गदर्शन में यज्ञ शुरू हो गया है। यज्ञ स्थल में 108 हवन कुंड सहित विशाल यज्ञ शाला, श्रीराम कथा, भोजन भंडारा प्रसादि के विशाल पंडाल बनाए गए है।

### सौ ग्रामों से पहुंचे हजारों भक्त

सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के शुरुआत में आस पास के सौ ग्रामों से हजारों लोग के पहुंचने से इंद्राना अब धर्म धानी बन चुकी है। विशाल कलश शोभायात्रा में भगवान शिव पार्वती, श्रीरामचंद्र, गुरूदेव, हनुमान जी सहित अन्य मनमोहक झांकियां भी शामिल रहीं। जो कि आकर्षण का केंद्र रहीं।

## शक्तिपुंज में जबरन वसूली करते पकड़े गए किन्नर



**नवभारत, जबलपुर।** आरपीएफ पोस्ट जबलपुर द्वारा सोमवार को अनाधिकृत रूप से विकलांग कोच में यात्रा कर रहे किन्नरों एवं अन्य लोगो के ख़िलाफ़ कार्यवाही की गई। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव ख़रब ने बताया की जबलपुर स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते एवं ट्रेन नंबर 11448 शक्तिपुंज एक्सप्रेस में यात्रियों से पैसे मांगते पाए जाने पर पांच किन्नरों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 145, 147 के तहत कार्यवाही कर न्यायालय स्पेशल रेलवे मजिस्ट्रेट जबलपुर के समक्ष पेश किया गया। जहाँ न्यायालय द्वारा प्रत्येक को 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। पकड़े गए किन्नरों की पहचान ज्योति किन्नर गुरु पिंकी उम्र 40 निवासी गायत्री नगर कटनी, कशिश गुरु हेमा उम्र 25 निवासी गायत्री नगर थाना नई कटनी, रिया किन्नर गुरु हेमा उम्र 20 वर्ष निवासी गायत्री नगर कटनी थाना नई कटनी और रानी किन्नर पिंकी तिवारी उम्र 35 निवासी गायत्री नगर थाना नई कटनी एवं ममता किन्नर गुरु पिंकी तिवारी उम्र 35 निवासी गायत्री नगर थाना नई कटनी के रूप में हुई है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्री गाड़ियो में विशेष अभियान चलाकर विकलांग कोच में यात्रा करते 05 व्यक्तियों को पकड़कर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत कारवाई की गई।

## जीसीएफ विद्यानगर मैदान में सजा था जुआ फड़

▶ पुलिस की दबिश: जुआ खेल रहे 6 आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद



नवभारत,जबलपुर। घमापुर पुलिस ने जीसीएफ विद्यानगर मैदान में चल रहे जुआ फड़ पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में पुलिस ने 6 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गड्डी और 6,260 की नकदी जब्त की गई है।

थाना प्रभारी दिनेश गौतम के मुताबिक विद्यानगर मैदान में हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे संजय दुबे (38) निवासी शुक्ला होटल, घमापुर, राजू गुप्ता (52) निवासी उदयनगर, शोभापुर राँझी, रघुवीर सिंह राजपूत (55) निवासी लालमाटी, घनश्याम राजपूत (45) निवासी ट्यूट लाइन, जीसीएफ स्टेट, विजय कुमार तायेवडे (56 ) निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, रामपुर, उमेश कुशवाहा (46) निवासी द्वारकानगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से कुल 6,260 नगद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की गई है।



## जन भागीदारी के साथ वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जाए: कलेक्टर

▶ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम की समीक्षा

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इसके लिए समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही की जाए। जल संचय संरचनाओं जैसे तालाब, कुएं, चेक डैम आदि का संरक्षण एवं मरम्मत कार्य तेजी से किया जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जाए। आम नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों को जोड़कर जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। स्कूलों, कॉलेजों और पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए। साथ ही, जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की मैदानी मॉनिटरिंग भी लगातार की जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि जल ही जीवन है की भावना को आत्मसात करते हुए सभी को मिलकर इस अभियान को जन आंदोलन बनाना होगा। बैठक में इस दिशा में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## नशेड़ी ने महिला पर कटर से किया हमला

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत जिला न्यायालय के पीछे एक नशेड़ी युवक ने महज 500 रुपये न देने पर अपने ही पड़ोस में रहने वाली महिला पर सरेराह कटर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया।

जानकारी के अनुसार ओमती के उड़िया मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय रानी यादव रविवार रात करीब 8:40 बजे अपने पति ऋषु यादव के साथ घंटाघर की ओर जा रही थीं। जिला न्यायालय के पीछे नाले के पास पहले से घात लगाकर बैठे उनके पड़ोसी लक्की यादव ने उन्हें रोक लिया। लक्की ने रानी से नशे की लत पूरी करने के लिए 500 रुपये की मांग की। रानी यादव ने जब अवैध वसूली का विरोध किया तो लक्की गाली-गलौज पर उतारू हो गया। देखते ही देखते उसने अपने पास रखे थर्माकोल काटने वाले शार्प कटर से रानी के सिर पर वार कर दिया। हमला रानी के बाएं कान के ऊपर लगा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने ओमती थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई। पुलिस ने मामला दर्ज किया। घेराबंदी कर आरोपी लक्की यादव (30) को गिरफ्तार कर लिया है।

### इन्द्रेश व्यास का निधन



**नवभारत,पनागर।** प्रताप वार्ड निवासी इन्द्रेश व्यास (गुड्डा) का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आप शुभम व्यास (रिंकू)के पिताजी,सुरेश व्यास के भाई,राहुल व्यास के चाचा थे। अंतिम संस्कार जगमोहन वार्ड स्थित व्यास तालाब मुक्तिधाम में किया गया।

समारोह

बेलखाड़ू में जगह-जगह किया गया पूजन-अर्चन, आसपास के 30 गांवों के विप्रजनों ने की सहभागिता

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में उमड़े विप्रजन





**नवभारत,बेलखाड़ू।** बेलखाड़ू में भगवान परशुराम का भव्य चल समारोह पूजन अर्चन के बाद निकाला गया जिसमें करीब 30 गांवों के बड़ी संख्या में विप्रजन शामिल हुए। मुख्य मार्ग बेलखाड़ू में शासकीय स्कूल के बाजू से स्थित मंदिर स्थल पर विद्वान शास्त्री शिव कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम के विशाल तैल्य चित्र व परशु अस्त्र फरसे का पूजन विधि विधान से किया। इसके बाद मोहास के सुशील तिवारी को भगवान परशुराम के भेष भूषा में सजाकर पूजन किया गया।

पूजन के बाद बग्घी पर सवार होकर शास्त्र और शस्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम का चल समारोह अतिथि पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु , पं वीरेंद्र चौबे, सतीश उपाध्याय, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, कान्हा चतुर्वेदी जबलपुर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। सभी अतिथियों का दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान डीजे में विद्वान ब्राह्मण मंत्रोच्चार करते हुए लोग हाथों में ध्वज, परशु अस्त्र लेकर सभी जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। समूचे गांव में शोभायात्रा ने भ्रमण किया जहां लोगों ने पूजन किया। भ्रमण करते हुए शोभायात्रा अंतिम मुकाम रामबाग मोहास स्थित राम जानकी हनुमान मंदिर पहुंची जहां शास्त्री रामकृष्ण महाराज ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद शोभायात्रा वापस मंदिर स्थल पहुंची जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

### 16 बटुकों ने धारण किया 'जनेऊ'



#### परशुराम जयंती पर पाटन में हुआ आयोजन

**पाटन, नवभारत।** ब्राह्मणों की एकता और सनातन संस्कृति के जागरण के लिए सतत सक्रिय नगर पंडित परिषद् पाटन एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती पर सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें 16 विप्र बटुकों ने 'जनेऊ' धारण किया। नगर के आचार्य पंडित पूरनलाल दुबे के सानिध्य में 11 आचार्य गणों ने वैदिक विधि विधान से उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम का पूजन किया। वहीं काली माई मंदिर से प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंडित संजय गुरु ,ठाकुर कृष्णशेखर सिंह ,संदीप गुरु ,डॉ विष्णु दत्त त्रिपाठी, देवदत्त बबेले ,राजशेखर त्रिपाठी ,सुशील बबेले, तन्मय दुबे, प्रेम नारायण चौबे, राघवेंद्र शुक्ला , वैभव व्यास , जिले की अध्यक्ष श्रीमती ममता प्यासी, रामेश करसोलिया, जितेंद्र पाठक ,मदन दुबे कुलदीप बबेले सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे । वहीं आयोजक परिवार की ओर से तहसील अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी, संयोजक सुशील पांडेय,सोनेश बबेले सोनू महाराज, अनुज तिवारी ने सभी का स्वागत किया।